CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:50 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 147 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 2 दिसंबर 2024

इस हफ्ते दिखेगा विक्की विद्या...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अपने लोगों की भलाई की बजाय हथियार चुनेः त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हमने अहम और आधुनिक तकनीक को नौसेना में शामिल करने की कोशिशें कई गुना बढ़ा दी हैं। सरकार ने दो परमाणु पनडुब्बियों के भी देश में निर्माण की मंजूरी दे दी है, जो देश में बन रहे हथियारों पर बढ़ रहे विश्वास को दर्शाता है। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को नई दिल्ली में एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान नौसेना प्रमुख ने पाकिस्तानी नौसेना की बढ़ती ताकत पर हैरानी जताई। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमें पाकिस्तान की नौसेना की अचानक से बढ़ती ताकत के बारे में पता है, जो अब 50 जहाजों वाली नौसेना बनने की राह पर है। उन्होंने अपने लोगों की भलाई के बजाय हथियार चुने हैं।

### युवती से छेड़छाड़ विरोध पर घर में घुसकर किया हमला

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप में नल से पानी भर रही युवती से छेड़छाड़ करने का विरोध पर कुछ लोगों घर में घुसकर उससे व उसके भाई पर लाठी डंडों से हमला कर दिया । हमलें में दोनों घायल हो गए। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। ट्रांजिट कैंप के शिवनगर निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि 29 नवम्बर रात्रि वह सरकारी नल से पानी भर रही थी। उसी समय यहीं के निवासी कौशल पुत्र अशोक, रुद्र पुत्र अशोक, बंसू पुत्र संतोष,जीतू पुत्र राजकुमार,विशाल पुत्र महेंद्र, राजीव पुत्र महेंद्र, अरुण, आकाश व सचिन भी नल से पानी भर रहे थे। आरोप है कि उक्त लोग उसके साथ छेड़-छाड़ कर गन्दे कमेन्ट करने लगे। यह बात उसने अपने भाई हिमांशु को बतायी तो हिमांशु उक्त लोगो से पूछने गया। बहन से छेड़छाड़ क्यों कर रहे। इस पर उक्त लोगो ने भाई को और उसे घर मे घुस कर लाठी व डंडो से बहुत बेहरमी से मारा और जान से मारने की कोशिश की। उसके परिवार को उक्त लोगों से जान माल का खतरा बना हुआ है। इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पहाड़ से लेकर मैदान तक सप्ताह भर मौसम रहेगा शुष्क

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बीते दस साल में सबसे सर्द दिसंबर की शुरुआत हुई है। राजधानी देहरादून का अधिकतम तापमान रविवार को 25.8 डिग्री दर्ज किया गया।

भले ही मानसून की विदाई के बाद उत्तराखंड में बारिश ना हुई हो, लेकिन सूखी ठंड पहाड़ से लेकर मैदान तक लोगों को जमकर परेशान कर रही है। आलम यह है कि दिसंबर की शुरुआत बीते दस सालों में सबसे सर्द दिन के साथ हुई। रविवार को दून का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया। इतना कम तापमान बीते दस वर्षों में एक दिसंबर को कभी दर्ज नहीं किया गया था।



मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले चार दिन तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। बारिश नहीं होने से सूखी ठंड इस सप्ताह भी परेशान करेगी। आंकड़ों पर नजर डालें, तो साल 2015 की एक दिसंबर को दून का अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री दर्ज किया गया था। आज के तापमान की बात करें, तो दून में अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 10 डिग्री रहने के आसार हैं। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि पश्चिमी हवाओं का प्रभाव कम होने की वजह से बारिश नहीं हो रही है।

सप्ताह भर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, मैदानी और पहाड़ी इलाकों में सुबह-शाम पाला पड़ने से सूखी ठंड परेशान कर रही है। यही वजह है कि दिन और रात के तापमान में करीब 16 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है।

दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर लंबा जाम

## किसानों का दिल्ली कूच जगह-जगह लगाए बैरिकेडिंग

**नई दिल्ली**
एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली कूच का एलान कर दिया है। आज सोमवार को नोएडा की ओर से किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं। जिसके चलते नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है तो वहीं दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सख्ती बढ़ा दी है। महामाया फ्लाईओवर के पास दोपहर तक जुटेंगे।

दिल्ली नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी बॉर्डर पर सुबह लंबा जाम लग गया। किसानों ने दिल्ली कूच का एलान किया है। जिसके बाद बॉर्डरों पर जगह-जगह सख्ती बढ़ा दी है और साथ ही बैरिकेडिंग भी की है। किसानों की दिल्ली कूच एलान के बाद यूपी के चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस और आरएएफ की तैनाती पर डीसीपी पूर्वी दिल्ली अपूर्व गुप्ता ने कहा कि हमें कुछ किसान संगठनों के बारे में पहले से सूचना मिली थी। जिन्होंने दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। संसद सत्र चलने के कारण उन्हें इस विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई है। आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई यातायात बाधित न हो। हम नोएडा पुलिस के साथ समन्वय कर रहे हैं। दिल्ली-यूपी की सभी बड़ी और छोटी सीमाओं पर पुलिस बल तैनात है। छात्रों को जाम में फंसने के दौरान कोई परेशानी न हो इसको देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने स्वत ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्देश नहीं दिया गया है। स्कूलों की ओर से स्वयं ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया गया है। प्रदूषण को देखते हुए पहले ही हाइब्रिड मोड में क्लास चलाने के निर्देश दिए जा चुके हैं।



### धरने पर बैठे कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया है। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई है। संभल जाने से रोकने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस में हल्की झड़प भी देखने को मिली।

## आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से आयुष्मान छोड़ने का आग्रह करेगी सरकार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

आयुष्मान कार्ड पर अमीर से गरीब तक सबको पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा है।अब तक 12.32 लाख के इलाज पर 2289 करोड़ खर्च हो चुके हैं। आयुष्मान योजना का सालाना बजट 1200 करोड़ तक पहुंचने वाला है। प्रदेश में आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से प्रदेश सरकार आयुष्मान योजना छोड़ने का आग्रह करेगी। वर्तमान में राज्य आयुष्मान योजना के तहत अमीर से लेकर गरीब तक सबको पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा है। योजना में अब तक 12.32 लाख लोगों के इलाज पर 2289 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। आयुष्मान योजना का सालाना बजट 1200 करोड़ तक पहुंचने वाला है। वित्त विभाग ने बढ़ते बजट पर चिंता जताई है। 2018 में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों के लिए अटल आयुष्मान योजना शुरू की थी। इस योजना का लाभ लेने के लिए उत्तराखंड के 5.37 लाख परिवार ही पात्र थे। लेकिन प्रदेश सरकार ने 23 लाख परिवारों के लिए पांच लाख निशुल्क इलाज की सुविधा शुरू की। शुरुआत में योजना का बजट 100 से 200 करोड़ सालाना था। जो बढ़ कर 600 करोड़ तक पहुंच गया है। अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 तक योजना का बजट 1200 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। इस पर वित्त विभाग ने प्रदेश के सीमित संसाधनों का हवाला दिया है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का कहना है कि प्रदेश सरकार आयुष्मान कार्ड पर प्रदेश के सभी लोगों को पांच लाख मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है। लेकिन जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं और इलाज कराने में समर्थ हैं, उन लोगों से आयुष्मान कार्ड छोड़ने का आग्रह करेगी। प्रदेश में 23.89 लाख राशन कार्ड धारक परिवार हैं। इन परिवारों के 97.11 लाख लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। अब तक 58 लाख लाभार्थियों के कार्ड बन चुके हैं। इनमें 4.73 लाख कर्मचारियों व पेंशनरों के गोल्डन कार्ड भी शामिल हैं।



## अदाणी मामले व संभल हिंसा समेत कई मुद्दों को लेकर संसद की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली**
एजेंसी

अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा समेत कई विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण अब तक संसद के दोनों सदन ठीक से नहीं चल पाए हैं। आज भी गतिरोध बरकरार रहा। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब 12.08 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अदाणी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही चलने देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि संविधान पर चर्चा हो, जैसा कि सरकार ने खुद वादा किया था। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलवमेंटल इन्क्लूसिल अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने संविधान पर चर्चा कराने का वादा किया था और अब उसे यह करना चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद में आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की।

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुए अवध ओझा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में अवध ओझा की एंट्री हो सकती है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अवध ओझा विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। जानकारी तो यह भी है कि उनका टिकट भी फाइनल हो गया है। यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले अवध ओझा को लेकर पहले यह भी अटकलें लगाई गई थीं कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। खबरें थीं कि वह प्रयागराज से लोकसभा के टिकट के लिए भाजपा के संपर्क में थे। लेकिन उस समय उन्हें टिकट नहीं मिल पाया था। ओझा सर के नाम से प्रसिद्ध अवध एक शिक्षक के साथ-साथ मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक बड़ा एलान करने वाली है। उधर, आम आदमी पार्टी को उम्मीद है कि अवध ओझा के पार्टी से जुड़ने से फायदा होगा। क्योंकि सोशल मीडिया और युवाओं के बीच ओझा की अच्छी लोकप्रियता है। कई बार अवध ओझा आप के संजोयक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तारीफ भी कर चुके हैं। जानकारी के लिए बता दें कि अगले साल दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दिल्ली चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी चुनावी कार्यक्रम में जुटी हुई है। ऐसे में खबर है कि इस बार पार्टी कई विधायकों का टिकट काट सकती है और नए चेहरों को मौका दे सकती है। अवध ओझा भी देश के सबसे पसंद किए जाने वाले शिक्षकों में से एक हैं। उनका पूरा नाम अवध प्रताप ओझा है। यह एक भारतीय यूपीएससी कोच, यूट्यूबर, और शिक्षक हैं। इनका संबंध यूपी के गोंडा जिले से हैं। यूपीएससी ने निराशा मिलने पर इन्होंने इलाहाबाद में कोचिंग में पढ़ाना शुरू किया। कोविड में जब ऑफलाइन क्लासेज बंद हो गई थी, तब अपने अलग शिक्षण शैली के कारण काफी तेजी से यूट्यूब पर पॉपुलर हो गए।



# नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





पर्यटक नगरी नैनीताल शहर में रविवार को मौसम बेहद खुशनुमा रहा। चटक धूप पूरे खिली रही। मगर शाम ढलते ही ठंड पढ़नी शुरू हो गई।

नगर में दिन की शुरुआत सुनहरी धूप के साथ हुई। दिन चढ़ने के साथ ही गर्माहट बढ़ती चली गई। इस बीच रुकरुक कर मध्यम ठंडी हवा भी चलती रही। मगर तापमान पर असर नहीं डाल सकी। सूर्यास्त के बाद पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में बढ़ोतरी हो गई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम 17 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 52 प्रतिशत रही। इधर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण विज्ञानी डा नरेंद्र सिंह के अनुसार फिलहाल आने वाले दिनों में भी मौसम शुष्क बने रहेगा। मगर बादलों की संभावना भी बनी रहेगी।

सरोवर नगरी में बड़ी संख्या में मैदानी क्षेत्र से नैनीताल में सैलानी उमड़ पड़े। नगर के अधिकांश होटल पैक हो गए और पार्किंग स्थल भी वाहनों से पट गए। रविवार को चार हजार से अधिक सैलानियों के साथ डेढ़ हजार पर्यटक वाहन पहुंचे।

नगर में सैलानियों का पहुंचना शुक्रवार से शुरू हो गया था, रविवार दोपहर तक जारी रहा। जिस कारण नगर के पर्यटन स्थलों में खूब रौनक देखने को मिली। साथ ही यातायात भी कई बार प्रभावित नजर आया। दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश से आने वाले सैलानियों की संख्या सर्वाधिक रही, जबकि बंगाली व गुजराती सैलानी भी नगर सैर पर पहुंचे हुए हैं। स्कूली बच्चों के शैक्षणिक दल भी पहुंचे हुए हैं। जिस कारण नगर के पर्यटन स्थलों में खूब चहल पहल रही। स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालय दर्शन व वाटरफाल समेत नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थल खुरपाताल, पंगोट, सात ताल, भीमताल, कैंची धाम, भवाली में पूरे दिन सैलानियों की भीड़ देखी गई। नौका विहार के लिए सैलानियों की भीड़ रही

## NEWS / फटाफट

### पर्यटक का पर्स गुम हुआ पर्स लौटाया



**नैनीताल** । नगर में वीकेंड के चलते इन दिनों पर्यटकों भीड़ हो रही है। रविवार को हरियाणा से आए एक पर्यटक का पर्स गुम हो गया, पर्यटक ने अपने पर्स की काफी खोजबीन की लेकिन पर्स नहीं मिला जिसके बाद पर्यटक पुलिस चौकी में पहुंचा तथा पर्यटक ने ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल मनोज जोशी को पर्स गुम होने के बारे में बताया जिसके बाद कांस्टेबल मनोज जोशी ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ पर्स की खोजबीन शुरू कर दी कुछ देर बाद कांस्टेबल मनोज जोशी ने पर्स को ढूंढ कर सैलानी को दे दिया पर्स के अंदर 77000 रुपएं की नगदी रखी हुई थी। दूसरी ओर पर्स मिलने के बाद पर्यटक गदगद हो गया, उसने पुलिस कर्मी कांस्टेबल मनोज जोशी की ईमानदारी की जमकर तारीफ की।

### शोध छात्रा डॉ. अंजली कोरंगा को यंग साइंटिस्ट अवार्ड सम्मान

**नैनीताल** । कुविवि के डीएसबी परिसर की वनस्पति विज्ञान विभाग की पूर्व शोध छात्रा डॉ. अंजली कोरंगा को यंग साइंटिस्ट अवार्ड सम्मान प्राप्त हुआ है। बता दें कि डॉ. अंजली को यह पुरस्कार 19 वीं उत्तराखंड साइंस कांग्रेस में ओरल प्रेजेंटेशन हेतु प्राप्त हुआ तथा विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी तथा कुलपति दून विश्वविधालय प्रो. सुरेखा डंगवाल तथा डायरेक्टर जनरल यू कास्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने डॉ अंजली को सम्मानित किया। बता दें कि डॉ अंजली वर्तमान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के पिथौरागढ़ परिसर में वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत हैं । डॉ. अंजलि ने डीएसबी परिसर के वनस्पति विभाग के प्रो. एस सी सती तथा डॉ. कपिल खुल्वे के दिशा निर्देशन मे पीएचडी कर चुकी हैं । डॉ. अंजली ने माइकोकेमिकल कैरेक्टराइजेशन आफ रूट एंडोफि टिक हाइपोमाइसिट्स वारिकोसपोरम एलोडीए विषय पर प्रेजेंटेशन दिया । उनकी सफलता पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महा सचिव डॉ. विजय कुमार समेत वनस्पति विज्ञान विभाग परिवार ने बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### प्रशिक्षुओं के दल ने हिमायन बॉटनिकल गार्डन का भ्रमण किया

**नैनीताल** । वानिकी प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी के फारेस्टर पद का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं के दल ने नैनीताल के नारायणनगर स्थित हिमायन बॉटनिकल गार्डन (एचबीजी) का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्हें गार्डन के वरिष्ठ कर्मचारी अरविन्द कुमार की ओर से गार्डन की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने गार्डन में मौजूद तमाम सामान्य तथा औषधीय वनस्पतियों के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने गार्डन में मौजूद आर्किड,फर्न के साथ ही विभिन्न प्रकार के फूलों तथा कवक तथा शैवाल आदि के बारे में जानकारी दी।

### विश्व एड्स दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**हल्द्वानी**। इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में आज विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया इसके पश्चात एनएसएस वाटिका में श्रमदान किया। बौद्धिक सत्र में छात्राओं को महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल समिति के डॉ0 दिनेश जोशी द्वारा नशे के सेवन के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया साथ ही नशे से दूर रहने की अपील की गई। डॉ0 रेखा जोशी द्वारा



## पेरेंट्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधानाचार्या राखी से मुलाकात की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल पेरेंट्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन ने नैनीताल के स्कूलों के लिए सम्मान कार्यक्रमों की श्रृंखला में अथवा परिचय के उद्देश्य से वृदांवन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या राखी साह से मुलाकात की। एसोसिएशन ने स्कूल के शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रगतिशील पहलों को लागू करने के प्रयासों की सराहना की। विशेष रूप से एसोसिएशन ने अकादमिक सत्र को बढ़ाने और छात्रों व शिक्षकों के आराम के लिए सेंट्रल हीटिंग की सुविधा शुरू करने जैसे कदमों की प्रशंसा की जो एक बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एसोसिएशन ने वृंदावन पब्लिक स्कूल को अपना समर्थन दोहराते हुए भविष्य में इसकी निरंतर सफलता की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय अथवा समिति के सदस्यों के विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया ताकि भविष्य में एक दूसरे के योगदान से मिलकर बेहतर कार्य किए जा सकें। समिति ने आगे भी नगर के अन्य विद्यालयों में परिचय अथवा विद्यालयों के विशेष कार्यों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से भेंट करने का निर्णय लिया। इस सम्मान समारोह का नेतृत्व एसोसिएशन के पदाधिकारियों की टीम ने किया जिसमें अध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव शेली सूरी कृष्णानी और कोषाध्यक्ष निवेदिता मेहरोत्रा शामिल थीं।

## गौजाजाली में योग, संगीत व आध्यात्मिक शिविर लगाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आनंदम ब्रह्म योग एवं लाईफ केयर प्रा0लि0 द्वारा योग, संगीत व आध्यात्मिक शिविर लगाया गया। गौजाजाली राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आनंदम ब्रह्म योग एवं लाईफ केयर प्रा0लि0 व युवा सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग ध्यान, संगीत चिकित्सा, आध्यात्मिक चिंतन की परिचर्चा पर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए यह शिविर बहुत खास रहा, क्योंकि इसमें गुरू जनों ने योग, संगीत व ध्यान के माध्यम से किस प्रकार से , तनावमुक्त रहा जाता है,इसकी विस्तृत जानकारी दी व अध्ययन में अभ्यासरत रहने के सुलभ तरीके बताए। संगीत गुरु श्री व्यापक जोशी ने बताया,किस प्रकार शास्त्रीय संगीत के रागों द्वारा मन के विकारों को नियंत्रित किया जा सकता है,व स्वस्थ जीवन शैली को जिया जा सकता है। लगभग सौ से अधिक विद्यार्थियों, महिलाओं व पुरुषों ने इसमें भाग लिया। योग गुरु के तौर पर वर्षा अग्रवाल व शरद जोशी रहे। तथा कार्य शाला को प्रशांत मिश्रा, सुनील दत्त , डॉ गुंजन जोशी, मनोज मठपाल, हरीश सुनाल,कंचन जोशी भुवन जोशी,लोकेश कुमार,बाल कृष्ण मिश्रा, पं तिलक कांडपाल आदि की गरिमामय उपस्थिति प्राप्त हुई ।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## बेटी की यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करने पर शिकायत दर्ज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एक महिला ने अपनी बेटी की व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करने के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

महिला ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी होटल वेबसाइट के नाम से एक नई वेबसाइट बनाई, जिसमें उनकी बेटी की तस्वीरें और निजी जानकारी प्रकाशित की गईं। महिला के मुताबिक, वह महारानी होटल, नैनीताल रोड की स्वामी हैं और 2013 से उनकी होटल की एक वेबसाइट सक्रिय थी, जो 8 जनवरी 2022 को एक्सपायर हो गई थी।

इसके बाद, 9 जनवरी 2024 को एक नई वेबसाइट बनाई गई, जिसका नाम हल्द्वानी महारानी होटल डॉट कॉम था। यह वेबसाइट किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बनाई गई थी, जो महिला को उनके मित्र के माध्यम से मिली जानकारी से पता चला। नई वेबसाइट में महिला की बेटी की तस्वीर, उसका फोन नंबर और अन्य निजी जानकारियां सार्वजनिक की गई हैं। वेबसाइट में यह भी उल्लेख किया गया है कि महिला की बेटी एक इंटीरियर्स डिजाइनर हैं, जो कि गलत जानकारी है।

महिला ने आरोप लगाया कि यह वेबसाइट जानबूझकर उसकी बेटी को मानसिक उत्पीड़न पहुँचाने के लिए बनाई गई है। महिला ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। महिला का कहना है कि इस वेबसाइट के माध्यम से उनकी बेटी की निजी जानकारी का गलत उपयोग किया जा सकता है, जिससे उनकी और उनकी बेटी की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मनाया कुमाऊं विवि का स्थापना दिवस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसबी परिसर नैनीताल में रविवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय का 51वॉ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस विशेष मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने परिसर में स्थापित स्वर्गीय ठाकुर देव सिंह बिष्ट की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुलपति प्रो. रावत ने सभी को कुमाऊं विश्व विद्यालय की 51वें स्थापना दिवस पर सबको बधाई दी। कुलपति प्रो.रावत ने गुरुजनों व विद्यार्थियों व कर्मियों के साथ केक काटा उसके बाद केक के साथ ही मिष्ठान वितरण हुआ।



बता दें कि कुमाऊं विश्वविधालय की स्थापना 1 दिसंबर 1973 को हुई तथा स्वर्गीय प्रो. डीडी पंत विवि के प्रथम कुलपति रहे थे,बीते वर्षों में कुमाऊं विश्वविधालय ने फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी, पदम विभूषण, पदमश्री, चीफ सेक्रेटरी, आईएएस, पीसीएस, कई एकेडमिशन दिए तथा मानव संसाधन को तैयार करने का काम किया जिन्होंने देश की सेवा की। वर्तमान में भी राज्य विश्वविद्यालयों में कुमाऊं विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है । कार्यक्रम के प्रारंभ में वॉल ऑफ हीरोज में कुलपति प्रो.रावत ने दीप प्रज्वलन किया तथा वीरों को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्लू प्रो.संजय पंत, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, कूटा के महासचिव डॉ. विजय कुमार समेत डॉ. नवीन पांडे,विशाल,गीतांजलि,वसुंधरा,आनंद कुमार ,नंदा बल्लभ पालीवाल, डी. एस. बिष्ट,कुंदन,अजय,विकास सहित गौरा देवी ,केपी तथा रानी लक्ष्मीबाई के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने किया।

# अभिमत



## क्षेत्र के साथ अन्याय

***जनसमस्याओं के प्रति लापरवाह जनप्रतिनिधियों की भीड़ में उत्तराखंड के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक मोहन सिंह मेहरा अलग नजर आ रहे हैं। विधायक मेहरा के आक्रोशित स्वर से प्रदेश की डबल इंजन सरकार के दावों की पोल भी खुल गई है। अधिकारियों की बैठक में विधायक मेहरा ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार में ही उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो वह धरना देने को मजबूर होंगे। इसे विडम्बना ही कहेंगे कि उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है और भाजपा विधायक अपने क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कराने में असमर्थ हैं।***

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के घोषणा-पत्र में वायदों से ज्यादा महत्व उम्मीदवार का होता है। उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान अपने क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाता है। सांसद व विधायक बनने के बाद बहुत कम जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्य को प्राथमिकता देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक बार सांसदों और विधायकों से कह चुके हैं कि संसद व विधानसभा का सत्र नहीं होने पर जनप्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसम्पर्क करें और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करायें। क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करें। सरकार की उपलब्धियों तथा जनहित में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों और योजनाओं की जानकारी लोगों को दें। प्रधानमंत्री मोदी के कहने के बाद भी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में लोगों से सम्पर्क नहीं कर रहे हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या घटने का मुख्य कारण जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र में जनसंपर्क नहीं करना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर चुनाव जीतने की गलतफहमी वाले सांसद व विधायकों को मतदाता चुनाव में सबक सिखा देते हैं। जनसमस्याओं के प्रति लापरवाह जनप्रतिनिधियों की भीड़ में उत्तराखंड के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक मोहन सिंह मेहरा अलग नजर आ रहे हैं। विधायक मेहरा के आक्रोशित स्वर से प्रदेश की डबल इंजन सरकार के दावों की पोल भी खुल गई है। अधिकारियों की बैठक में विधायक मेहरा ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार में ही उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो वह धरना देने को मजबूर होंगे। इसे विडम्बना ही कहेंगे कि उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है और भाजपा विधायक अपने क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कराने में असमर्थ हैं। दरअसल अधिकारियों ने कुछ सड़कों के जल्द निर्माण की बात कही, तो कुछ सड़कों में वन भूमि सहित अन्य रुकावटों का उल्लेख किया। रुकावट का जिक्र होते ही विधायक मेहरा भड़क गये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 40 से अधिक सड़कों का निर्माण होना है और मात्र छह सड़कों का निर्माण कार्य हो रहा है। विधायक मेहरा ने इसे अपने निर्वाचन क्षेत्र के साथ अन्याय बताते हुए सार्वजनिक रूप से विरोध करने के लिए धरना देने की चेतावनी दे डाली। सरकार उत्तराखंड के विकास और गड्ढामुक्त सड़क के दावे करते हुए नहीं थकती है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री स्वतः संज्ञान लेकर मामले को निपटायेंगे।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक विजेताओं को भी मिलेगा खेल आरक्षण का लाभ: सीएम धामी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभम में सीएम धामी ने ओलंपिक में स्कीइंग में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ी अमीषा चौहान को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सीधी भर्ती के पदों पर अन्य खिलाड़ियों की तरह चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। साथ ही खेल महाकुंभ में जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को भी स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी।




इसके साथ ही उन्होंने ओलंपिक में स्कीइंग में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ी अमीषा चौहान को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। एथलेटिक्स में 27वीं नेशनल फेडरेशन में स्वर्ण पदक जीतने वाली सोनिया को दो लाख और 22वें नेशनल फेडरेशन जूनियर में राहुल सरनालिया को स्वर्ण पदक जीतने पर एक लाख रुपए का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ विशिष्ट आयोजन है। इसमें खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक, जनपद होते हुए, राज्य स्तर तक प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलता है। इससे राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने में मदद मिल रही है। साथ ही खेल महाकुंभ युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने में भी योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष खेल महाकुंभ में सवा तीन लाख से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था, इस बार का आयोजन इस रिकॉर्ड को तोड़ने का काम करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार के खेल महाकुंभ में विभिन्न स्तर के विजेता खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से 11 करोड़ रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। इसलिए खिलाड़ी आगे आकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करें।

## शोध छात्रा डॉ. निर्मला का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की संस्कृत विभाग की शोध छात्रा डॉ. निर्मला का लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से आयोजित परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत पद पर चयन हुआ है। बता दें कि डॉ. निर्मला ने अपना शोध कार्य विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. लज्जा भट्ट के दिशा- निर्देशन में पूर्ण किया तथा वर्तमान में वह सोबन सिंह जीना विश्वविधालय अल्मोड़ा में कार्यरत हैं । उनकी सफ लता पर प्रो. जया तिवारी विभागाध्यक्ष समेत डा.लज्जा भट्ट, डॉ. नीता आर्य,डॉ. सुषमा जोशी,डॉ. प्रदीप कुमार सहित परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डी एसडब्लू प्रो. संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट,कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी,महासचिव डा. विजय कुमार समेत कूटा परिवार ने खुशी जाहिर कर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नगर में पहली बार चौराहों पर मेस्टिक डामरीकरण को लेकर लोगों में उत्साह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में पहली बार चौराहों पर मेस्टिक डामरीकरण किया जा रहा है जिसे लेकर स्थानीय निवासियों और प्रशासन दोनों में उत्साह है।

बता दें कि सामान्य डामरीकरण की तुलना में मेस्टिक डामरीकरण की लागत तीन गुना अधिक आती है, लेकिन इसके परिणाम बहुत बेहतर होते हैं। यह विशेष प्रकार का डामरीकरण बिना किसी तोड़-फ ोड़ के दस से पंद्रह साल तक टिकाऊ रहता है जो स्थानीय सडकों के लिए एक बड़ी राहत है। यह तकनीक शहर में ट्रैफि क की बढ़ती समस्या और खराब मौसम की स्थिति में सडकों को और अधिक मजबूत बनाती है।



शहर के प्रमुख चौराहों पर चल रहे इस मेस्टिक डामरीकरण के बाद सडकें न केवल साफ और सुदृढ़ दिख रहीं हैं बल्कि दृश्य रूप से भी आकर्षक नजर आ रही हैं।

बता दें कि इस नए बदलाव से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि पर्यटकों के लिए भी शहर की सडकों का सौंदर्य बढ़ेगा। अच्छे परिणाम देखने के बादए लोक निर्माण विभाग शहर के अन्य हिस्सों में भी इस तकनीक का इस्तेमाल करेंगे। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जी.एस.जनौटी ने कहा कि शहरवासियों के लिए यह एक सुखद बदलाव है जो लंबे समय तक सडकों के रख.रखाव की चिंता से मुक्त हो जाएंगे, कहा कि शहर के चौराहों पर चौड़ीकरण के बाद मेस्टिक डामरीकरण का काम किया जा रहा है ।अच्छे परिणाम आने पर शहर के अन्य हिस्सों में भी यह डामरीकरण करने की योजना बनाई जाएगी

# फिल्मी दुनिया

## इस हफ्ते दिखेगा विक्की विद्या का जिगरा



*साल 2024 के आखिरी महीने दिसंबर का पहला हफ्ता शुरू हो चुका है। ऐसे में इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई धमाकेदार फिल्में और वेब सीरीज भी रिलीज होने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में कई लोग ऐसे हैं, जो ओटीटी पर पसंदीदा वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने का इंतजार करते हैं। अब उनके इंतजार पर विराम लगने वाला है। दर्शकों के लिए दिसंबर का पहला हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते ओटीटी पर कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं। चलिए आपको बताते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं। जिगरा की कहानी एक बहन के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने छोटे भाई की रक्षा के लिए हर हद तक जा सकती है। हिंदी फिल्म में आलिया भट्ट, वेदांग रैना, आदित्य नंदा, आकांक्षा रंजन कपूर और राहुल रविंद्रन मुख्य भूमिकाओं में हैं। जिगरा 6 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कहानी एक विवाहित जोड़े पर केंद्रित है, जिनकी सीडी चोरी हो जाती है, जिसमें उनका निजी वीडियो है। फिर यह फिल्म सीडी को खोजने के उनके संघर्ष को दिखती है। फिल्म में राजकुमार राव, तृप्ति डिमरी, मल्लिका शेरावत, विजय राज और अर्चना पूरन सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 6 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।*

### अमरन 5 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज

*तमिल फिल्म मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन और 2014 में शोपियां में काजीपथरी ऑपरेशन में उनके योगदान के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में साई पल्लवी, शिवकार्तिकेयन, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस, सुरेश चक्रवर्ती और श्रीकुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। अमरन 5 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।*

# मानसिक रूप से परेशान युवती से दुष्कर्म के दो आरोपियों की कोर्ट में पेशी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मानवता को शर्मसार करते हुए दो लोगों ने मानसिक रूप से परेशान एक युवती के साथ घिनौना काम कर डाला। ई रिक्शा चालक और उसके पिकअप ड्राइवर दोस्त पुलिस की गिरफ्त में आ गए दोनों आरोपियों को आज पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। दोनों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती की हालत का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

आरोपियों की पहचान ई-रिक्शा चालक इंद्रा नगर निवासी रवि साहू और पिकअप चालक बरेली रोड धान मिल निवासी लवलेश के तौर पर हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि 26 नवंबर को रवि साहू निवासी राजकीय इंटर कॉलेज इंदिरानगर मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती को आरटीओ रोड से ई-रिक्शा में बैठाकर लाया। इसके बाद वह उसे मंडी अपने दोस्त पिकअप चालक लवलेश के पास ले गया। ई-रिक्शा चालक बच्चों को ट्यूशन के लिए लेकर जाता है। इस कारण वह युवती को लवलेश मूलरूप से फतेहपुर उत्तरप्रदेश और हाल निवासी धान मिल बरेली रोड के पास छोड़ गया ।इसके बाद शाम सात बजे वापस मंडी आया। यहां दोनों ने शराब पी। इसके बाद मंडी में पिकअप के अंदर ही दुष्कर्म किया। लवलेश पिकअप लेकर घर पहुंचा। यहां भी उन्होंने पिकअप में ही दुष्कर्म किया। इसके बाद रवि अपने घर चला गया और लवलेश ने युवती को रात में ही पिकअप में सुला दिया। 27 नवंबर को लवलेश को कहीं बुकिंग में जाना था। उसने युवती को रवि को सौंप दिया। रवि ने युवती को बरेली रोड पर उतार दिया।

शनिवार को इस मामले में युवती की मां थाने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि बेटी घबराई हुई है। सहमी बेटी ने बताया है कि उसके साथ ई रिक्शा चालक ने मंडी में ले जाकर अपने एक दोस्त के साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद मुखानी थाने में अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। शैतानों की तलाश में पुलिस ई रिक्शा चालकों के साथ ही दूसरी जगहों पर दबिश दे रही थी, आखिरकार अपराधी पकड़े गए।

## News कॉर्नर

### ऐतिहासिक इमारतों से छेड़छाड़ के विरोध में आक्रोश जताया

**नैनीताल ।** जिला प्रशासन की ओर से ऐतिहासिक इमारतों व प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नगर के विभिन्न संगठनों से जुड़े जागरुक लोगों की ओर से 12 नवम्बर (मंगलवार) से तल्लीताल स्थित गांधी चौक के समक्ष शाम के वक्त पोस्टर लेकर व मोमबत्ती जलाकर तथा जनगीत गाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है, बावजूद इसके प्रशासन मामले को बेहद हल्केपन से ले रहा है। इसी क्रम में रविवार को भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि गुस्से का इजहार करने वालों में मुख्य रुप से राजीव लोचन साह, मुन्नी तिवारी, प्रभात पाल, पाल, डा.शीला रजवार, डा.उमा भट्ट, डा.सरस्वती खेतवाल, लीला बोरा, पंकज भट्ट, भारती जोशी, उमेश तिवारी विश्वास, दिनेश उपाध्याय तथा हरीश पाठक शामिल रहे।

### कुमाऊं विवि के आज से शुरू होगी इग्नू की सत्रांत परीक्षा

**नैनीताल ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू)की दिसंबर की सत्रांत परीक्षा 2 दिसंबर (आज) से शुरू होगी और 9 जनवरी 2025 (गुरुवार) को समाप्त होगी। हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से या लिंक से हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं और अपनी परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में कुल 8185 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला देहरादून में कुल 4 परीक्षा केंद्र (डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डोईवाला, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डाकपत्थर एवं सीबीटी मोड में परीक्षा के लिए राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान निरंजनपुर देहरादून) बनाए गए हैं। देहरादून के अलावा उत्तरकाशी, अगस्त्यमुनि, गोपेश्वर, श्रीनगर, कोटद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर, अल्मोड़ा तथा पिथौरागढ़ व चंपावत और बागेश्वर में परीक्षा केंद्र बनाए गए।

# विदाई समारोहः निवर्तमान डीएम ने 17 माह में बड़े कामों से छोड़ी छाप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी उदयराज सिंह के सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय ने वर्ष 1997 में उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा के माध्यम से सेवा में आने से वर्तमान में जिलाधिकारी के पद पर किये गये कार्यों का सम्पूर्ण विवरण दिया। उन्होंने बताया कि सिंह पहले ऐसे आईएएस हैं, जिन्हें 3 माह का सेवा विस्तार मिला। विदाई समारोह में जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह व शॉल आदि भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने विदाई समारोह के दौरान कहा कि मुझे बहुत खुशी व संतुष्टि है कि आप सभी



के प्रयासों व मेहनत से मैं इस जनपद में बेहतर कार्य कर सका। आपके अच्छे प्रदर्शन व फीडबैक के बदौलत ही शासन द्वारा मुझे सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों व कर्मचारियों ने मेरा भरपूर साथ दिया। कहा कि गरीब, किसान व जनता के हितों में कार्य करते हुए उनका उत्थान करना ही उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर का विकास प्रदेश के भविष्य से जुड़ा है, कृषि, उद्योग व रोजगार के साथ ही पर्यटन व सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में कार्य करते रहने की आवश्कता है।विदाई समारोह में सीडीओ मनीष कुमार ने जिलाधिकारी द्वारा किये गए सभी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में इस जनपद की दशा, दिशा व गति को बल मिला है। कृषि, लैंड रिफॉर्म, पर्यावरण एवं स्वच्छता आदि सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत यह जनपद बीस सूत्रीय कार्यक्रम में न सिर्फ पहले स्थान पर आया बल्कि लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में बेहतर कार्य किया गया है। सीडीओ ने स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सभी की ओर से जिलाधिकारी को अग्रिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी के भाई प्रोफेसर संघसेन सिंह भी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वीसी प्राधिकरण जय किशन, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, संयुक्त मजिस्ट्रेट गदरपुर आसिमा गोयल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज शुक्ल, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, किसान संगठन, सिडकुल एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

# हाथ काटकर शिवलिंग पर चढ़ाया खून, युवक की हरकत से मचा बवाल

रुड़की

हमारे संवाददाता

जौरासी गांव स्थित मंदिर के अंदर शिवलिंग पर खून लगा मिलने और अंदर एक समुदाय के युवक के होने की सूचना पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि समुदाय विशेष के युवक ने अपना हाथ काटकर शिवलिंग पर खून चढ़ाया है।

वहीं पुलिस इससे इनकार कर रही है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित जौरासी गांव में शिव मंदिर है। रविवार शाम करीब पांच बजे मंदिर में कुछ ग्रामीणों की नजर गांव के ही एक समुदाय विशेष के युवक पर पड़ी। उसके हाथ पर पट्टी बंधी थी और खून निकल रहा था। ग्रामीणों ने शिवलिंग पर खून लगा देख युवक को पकड़ लिया। इसकी सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस



बल भी पहुंचा और घटना की जानकारी ली। साथ ही युवक को हिरासत में ले लिया। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त युवक ने हाथ काटकर शिवलिंग पर खून चढ़ाया है। ग्रामीणों ने युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस उक्त युवक को कोतवाली ले आई और पूछताछ कर रही है। पुलिस ने गांव में सुरक्षा के लिहाज से पीएसी और पुलिस तैनात कर दी है।

# जनपद के नवनियुक्त डीएम भदौरिया ने संभाला चार्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने देर शाम पंतनगर गेस्ट हाउस में पहुंचे। उन्होंने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों की आपचारिक बैठक ली।

साथ ही उन्होंने जनपद के अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे तथा सभी विकास कार्यों में तीव्रता रखी जाए एवं जनपद को सभी विकासरत कार्यों में प्रथम स्थान पर बनायें रखें।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में पंजीकृत समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें व सड़कों की मरम्मत भी त्वरित गति से करें ताकि जनता को अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एमएनए नरेश दुर्गापाल,



**बैठक**

- देर शाम पहुंचे पंतनगर गेस्ट हाउस में अधिकारियों के बैठक कर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए

मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज शुक्ल, ओसी गौरव पाण्डे, डॉ अमृता शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौशतुभ मिश्र, राकेश तिवारी, अधीक्षण अभियंता लोनिवि हरीश कुमार, नीरज अग्रवाल, जल निगम सुनील जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम के पंतनगर पहुंचने पर अधिकारियों ने स्वागत किया। आज जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने कार्यभार संभाल लिया।

# एनसीसी कैम्प में दी सहजयोग ध्यान की जानकारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एनसीसी कैम्प रानीबाग में रविवार को सहजयोग ध्यान की जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए सहजयोग उत्तराखंड के स्टेट युवाशक्ति कोऑर्डिनेटर मेजर अमर सिंह चंदेल ने बताया कि ध्यान किया नहीं जा सकता हम ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं। यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में। जब हम अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। इस दौरान निर्मला देवी द्वारा बताया सहजयोग ध्यान करने से हम स्वयं ही निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर जाते हैं और वर्तमान की स्थिति में आ जाते हैं। सकारात्मक सोच के लिए सहजयोग ध्यान बहुत कारगर है। निर्मला देवी ने 5 मई 1970 से गुजरात नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की थी। विश्व के 120 से अधिक देशों के लाखों लोग सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है जिसमें शरीर में उपस्थित तीनों नाड़ियां इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना व सात चक्रों में कुंडलिनी जागरण से संतुलन प्राप्त करते हैं।

इस दौरन चिकित्साधिकारी डॉ.वीरेन्द्र मिश्रा, केंद्र समन्वयक अर्जुन सिंह वाणी, मेजर अमर सिंह चंदेल, स्टेट कॉर्डिनेटर मनोज त्रिपाठी, एमएन गोस्वामी, घनश्याम बोरा, गंगा गोस्वामी , एमएस कन्याल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### रोडवेज की तीन सेवाओं का संचालन ठप

**अल्मोड़ा।** वीकेंड पर रोडवेज की तीन बसों का संचालन ठप रहा। दोपहर बाद यात्री वाहनों की सीमित आवाजाही से पर्यटकों और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बसों की तलाश में यात्री स्टेशन पर चक्कर काटते रहे जिससे उन्हें दिक्कतें हुईं। रविवार को रोडवेज की टनकपुर, बेतालघाट-दिल्ली, देहरादून रूट पर सेवाओं का संचालन ठप रहा। वीकेंड पर दिल्ली, लखनऊ, गुरुग्राम, आगरा आदि स्थानों से सैलानी घूमने पहुंचे थे लेकिन रोडवेज की तीन सेवाएं संचालित न होने से और टैक्सी का सीमित संचालन होने से यात्रियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सांसद अजय भट्ट ने लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने हल्द्वानी स्थित अपने आवास पर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभाओं से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। सांसद भट्ट ने मुखानी स्थित अपने आवास में नैनीताल ऊधमसिंह नगर की विभिन्न विधानसभाओं से आए सामाजिक संगठनों के लोगों पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनता से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान सड़क



बिजली पर जल चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर लोगों ने सांसद भट्ट को अवगत कराया जिस पर सांसद भट्ट ने मौके से ही तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी कीर्ति की अध्यक्षता में न्यू क्लब में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी लोगों से चर्चा की गई। बैठक में शहर के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी से सफलता के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रवक्ता मनोज बिष्ट गुड्डू ने कहा कि पागल जिमखाना 100 वर्षों से होने वाले कार्यक्रम में से एक है उन्होंने इस प्रकार के आयोजन के लिए लेक सिटी वेलफेयर क्लब की मुहिम की सराहना की। वहीं डीएसए के देवेंद्र लाल शाह



ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए, इससे आपस में आपसी मेल जोल बढ़ता है। न्यू क्लब के शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का वर्ष भर लोगों का रोमांच रहता है। इस दौरान पंकज बरगली ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रचार प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। रंगकर्मी नासिर हुसैन ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए, जगह-जगह पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी कीर्ति ने बताया इस कार्यक्रम में बोरा रेस, मोमबत्ती रेस, म्यूजिकल चेयर,रेस खजाना ढूंढो, ब्रिक्स रेस, चम्मच रेस,सुई धागा रेस, महिलाओं की रस्सी खींच, धुन पहचानो, स्लो मोटरसाइकिल रेस, पति-पत्नी रेस समेत आदि गेम रखे गए हैं। दर्शकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

वहीं क्लब की सांस्कृतिक सचिव प्रगति जैन ने बताया पागल जिमखाना 15 दिसंबर को 10 बजे से डीएस एसए मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा व सांसद अजय भट्ट को आमंत्रित किया गया है।

इस दौरान बैठक में आशीष बजाज, आनंद बिष्ट ,भगवत रावत शैलेश बिष्ट, हरीश जोशी रितेश सागर, दीप कुंवर,नीरज डालाकोटी सुनील कुमार,केसर सिंह,प्रदीप पांडे,खजान डंगवाल, सीमा सेठ, सरिता त्रिपाठी, अमिता शाह, ज्योति वर्मा, संतोष शाह समेत अन्य लोग रहे।